# एथिक्स चार्टर



AKWEL

EFFICIENT AUTOMOTIVE
SOLUTIONS

# अंतर्वस्तु

**1. आमुख** - पृ.03

. प्रमुख के शब्द
. नीति संहिता क्यों?
. AKWEL मूल्य
. नीति संहिता का उपयोग कैसे करें?

**2. कार्य स्थल पर नैतिकतापूर्ण विनियम** - पृ.08

. महिलाओं और पुरुषों में समानता
. भेदभाव
. बंधुआ मज़दूरी और बाल मज़दूरी
. कार्य स्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा
. संगठन बनाने और सामुहिक सौदेबाज़ी का अधिकार
. प्रशिक्षण और कौशल विकास

**3. गोपनीयता संबंधी नियम** - पृ.12

. हमारे संचार में प्रामाणिकता
. गोपनीय डेटा की परिभाषा
. वित्तीय संचार और शेयर बाज़ार क्वोटेशन में गोपनीयता
. निजी डेटा की सुरक्षा
. बौद्धिक संपदा और औद्योगिक डेटा की सुरक्षा

**4. उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता** - पृ.16

**5. सामाजिक दायित्व** - पृ.17

. पर्यावरण का सम्मान

**6. व्यावसायिक अखंडता** - पृ.19

. हितों का टकराव
. भ्रष्टाचार का अस्वीकार
. धोखाधड़ी और हवाला
. प्रतिस्पर्धा का सम्मान

**7. आपूर्तिकर्ताओं के दायित्व** - पृ.23

. आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन

**उपयोगी संपर्क**

# 1. आमुख



# प्रमुख के शब्द

1972 में Coutier परिवार द्वारा उसकी स्थापना से लेकर अब तक, पारिवारिक AKWEL ग्रूप ने **सरलता, विश्वसनीयता, टीमकार्य और निष्पादन** के अपने मूल्यों पर विश्वास किया है और उन्हें अपनी टीमों, अपने साझीदारों और ग्राहकों तक पहुँचाया है।

इस मानसिकता ने AKWEL को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने में सहायता की है, और यह आज विश्वभर के ऑटोमोबाइल निर्माताओं की सेवा करता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ग्रूप का साहस और विकास आने वाली पीढ़ियों तक जारी रहे, प्रबंधन प्रतिदिन इस संस्कृति को साझा करने और उसे प्रोत्साहन देने को प्रतिबद्ध है, अपने मूलभूत मूल्यों को प्रसारित करने और कई वर्षों से कंपनी का आधार बने नैतिकता के नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज ग्रूप जिस वैश्विक स्तर पर पहुँचा है उसके चलते हम अपने व्यवहार का मार्गदर्शन करने वाली रीतियों को एक नीति संहिता के रूप में औपचारिक बनाना चाहते हैं।

इस दस्तावेज़ का उद्देश्य है व्यवसाय के हर व्यक्ति के लिए एक मार्गदर्शिका बनना। यह उन नियमों को परिभाषित करती है, जो हमारे प्रचालनों को संरचना प्रदान करते हैं और विश्व के हर स्थान पर हमारे सभी हितधारकों के साथ हमारे संबंधों को आकार देते हैं।

इसके सफल होने के लिए हमारे सभी सहकर्मियों और प्रबंधन के सदस्यों को उसे लागू करना होगा। हममें से प्रत्येक को, हमारा पद चाहे जो भी हो, उसका सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

Mathieu Coutier
बोर्ड अध्यक्ष



# नीति संहिता क्यों?

AKWEL ग्रूप निरंतर परिवर्तन करने वाले परिवेश में काम करता है, जिसमें अनेक चुनौतियाँ और कई हितधारक हैं (क्लायंट, प्रतिस्पर्धी, आपूर्तिकर्ता और साझीदार, स्थानीय अधिकारी, निवेशक...)।

इस संदर्भ में लोगों की सुरक्षा, गुणवत्ता, ग्राहक संतोष, कानून का सम्मान, मानव अधिकार और पर्यावरण हमारी चिंताओं और हमारी रोज़मर्रा की गतिविधि का केन्द्र बिंदु हैं। प्रत्येक AKWEL सहयोगी और प्रत्येक बाहरी पक्ष जिसे हमारे साथ मिलकर काम करने के लिए आमंत्रित किया जाए, उसका अभिगम ज़िम्मेदारीभरा होना चाहिए और उन्हें जोखिमकारी या हमारे सिद्धांतों और मूल्यों को प्रभावित करने वाली किसी भी स्थिति के प्रति सचेत होना चाहिए, ताकि हम उसे सुधार सकें।

इसलिए, AKWEL ग्रूप की नीति संहिता का उद्देश्य है सभी व्यक्तियों को स्पष्ट मानदंड प्रदान करना, ताकि कार्यों का मार्गदर्शन किया जा सके, भले ही सभी विषयों को संबोधित न किया जा सके या सभी प्रश्नों के उत्तर न दिये जा सकें।
इस दस्तावेज़ में वर्णित AKWEL ग्रूप के नीति संबंधी नियम मानव अधिकार एवं हम जिनमें प्रचालन करते हैं उन देशों के कानून के अनुपालन में से निष्पन्न हैं, और साथ ही हमारे ग्रूप के आंतरिक कार्यों को चालित करने वाली विभिन्न संहिताओं, विनियमों और अनुबंधों से भी निष्पन्न हैं।

नैतिकता संबंधी आवश्यकताओं में कानून का सम्मान प्रथम होने के चलते हमारी सभी साइटों को हम जहाँ पर स्थापित हैं उस देश के कानूनी दायित्वों को लागू करना होगा।

ग्रूप के आकार के चलते, नीति संहिता एक साझा डोर है, जिसे रोज़ाना उपयोग किया जाना है, और एक वैश्विक संदर्भ संरचना है, जिसके प्रति हमारे सभी निकाय और उनके कर्मचारी अभिमुख होते हैं, और व्यवहार का एक समान तरीका अपनाते हैं।

AKWEL ग्रूप और उसका प्रबंधन इस दस्तावेज़ में प्रस्तुत प्रत्येक सिद्धांत को लागू करने को अपना कर्तव्य मानते हैं।t.
सबकुछ उन मूल्यों के आधार में से उगता है जो हमारे चयनों को प्रेरित करते हैं और हमारी प्रतिबद्धताओं को जीवंत करते हैं।

# AKWEL मूल्य

**अपनी रचना से अब तक AKWEL ग्रूप ने एक पारिवारिक कंपनी के मूलभूत एवं सच्चे मूल्यों का वर्धन किया है।**

यह चार मुख्य खयालों से व्यक्त होते हैं:

## सादगी

सादगी, वास्तविकता और यथार्थवाद ने शुरुआत से लेकर अब तक हमारा मार्गदर्शन किया है, हम जो समाधान उपलब्ध कराते हैं उनमें और हम जो संबंध बनाते हैं, उनमें भी।

## विश्वसनीयता

परस्पर विश्वास, सम्मान और प्रतिबद्धता, निरंतरता, ठोसता और न्यायपूर्णता की भावना से विश्वसनीयता संगठन के सभी हितधारकों को जोड़ने वाला सीमेंट बनती है।

## सामूहिकता

हम अपने ग्रूप प्रोजेक्ट को संशक्ति और टीमवर्क से निष्पन्न प्राथमिकता से निर्माण कर लागू करते हैं, आंतरिक रूप से भी और हमारे ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी, ताकि सभी तेज़ी से आगे बढ़ सकें।

## निष्पादन

हमारी प्रणाली के केन्द्र में स्थित औद्योगिक निष्पादन की संस्कृति, कार्यक्षमता, परिणाम और ग्राहकों का संतोष हमारे विकास और प्रगति का चालक बल हैं।

# नीति संहिता का उपयोग कैसे करें?

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन के अलावा, हमारी संहिता का उद्देश्य है AKWEL ग्रूप के सिद्धांतों को लागू करना और प्रसारित करना। यह हमारे कर्मचारियों और साझीदारों में से प्रत्येक की अपने रोज़मर्रा के पेशेवर जीवन में उनका जिन नैतिकता संबंधी प्रश्नों से सामना होगा, उन से निपटने में सहायक होने के लिए है।

यह दस्तावेज़ इसमें संबोधित प्रत्येक प्रमुख विषय के लिए एक सामान्य नियम प्रदान करता है, जो कि कार्रवाई या निर्णय का आधार होना चाहिए, कभी-कभी संदर्भ को स्पष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण प्रदान करता है, और अंतम में यदि आवश्यक हो तो अधिक विस्तृत जानकारी के लिए जिन आंतरिक या बाहरी दस्तावेज़ों का उपयोग किया जा सकता है उन्हें संदर्भित करता है।

AKWEL कई अलग-अलग देशों में स्थापित है, जो कि विशेष स्थानीय कानूनों, रीतियों और रिवाज़ों से चालित हैं। जब भी स्थानीय आवश्यकताएं हमारे द्वारा लागू मानकों से अलग हों, हमें सबसे अधिक कठोर नियम लागू करना चाहिए।

नीति संहिता AKWEL ग्रूप के विश्वभर के सभी सहयोगियों, ग्राहकों और साझीदारों के लिए उपलब्ध है। इस दस्तावेज़ तक हमारी वेबसाइट पर और हमारे सहयोगी पोर्टल (ग्रूप की आंतरिक जानकारी प्रणाली) दोनों पर से पहुँच बनाई जा सकती है और खोज की जा सकती है।

## रिपोर्ट करने से पहले की जाने वाली कार्रवाई की मार्गदर्शिका

-

हमारे सभी कर्मचारी और प्रत्येक बाहरी सर्विस प्रदाता जो कि AKWEL की तरफ से काम करते हैं, उनका अभिगम ज़िम्मेदारीभरा होना चाहिए और उन्हें ऐसी किसी भी परिस्थिति के प्रति सजग होना चाहिए जिसे जोखिम के रूप में पहचाना जा सके, ताकि उसे सुधारा और ठीक किया जा सके।

इस उद्देश्य से, ग्रूप की नीति संहिता एक आचार संहिता निर्धारित करती है और सभी के लिए समान ऐसे स्पष्ट मानदंड स्थापित करती है। सामान्य संदर्भ ढाँचे के रूप में निर्मित होने के कारण, स्वाभाविक रूप से यह सभी प्रश्नों के सविस्तार उत्तर प्रदान नहीं कर सकती है, और ना ही सभी परिस्थितियों की पूर्वापेक्षा कर के सभी विषयों को संबोधित कर सकती है। अपितु, यह शंका या निरंतर प्रश्न उठने की स्थिति में ऐसी परिस्थिति की पहचान करने में सहायक होती है जिसमें रिपोर्ट आवश्यक हो।

## रिपोर्ट करने का अधिकार

-

AKWEL में स्थापित रिपोर्ट करने के अधिकार के अनुसार "किसी भी कर्मचारी को ऊपर परिभाषित कार्रवाइयों में साक्ष्य देने या उनसे संबंधित होने के लिए सज़ा नहीं दी जा सकती और ना ही उसे बरखास्त किया जा सकता है या फिर उसके खिलाफ कोई भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जा सकती है। "
इसलिए हममें से प्रत्येक व्यक्ति आत्मविश्वास पूर्वक कार्य कर सकता है : प्राप्त किसी भी रिपोर्ट पर गोपनीयता से प्रक्रिया की जाएगी और AKWEL ग्रूप अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यथासंभव प्रत्येक प्रयास करेगा।

संहिता के नियमों के खिलाफ के किसी भी व्यवहार या परिस्थिति की मौजूदगी की रिपोर्ट करने के लिए, कर्मचारियों को पेशेवर रिपोर्ट प्रक्रिया का उपयोग करने से पहले परंपरागत तरीकों (अपने ऊपरी अधिकारी से बात करना, विशेष समितियों को रिपोर्ट करना) का उपयोग करना चाहिए। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वह जिस देश में निवास कर रहे हों या जिस देश में संबंधित गतिविधि हुई हो उसमें लागू कानून और विनियमों के अनुसार पंजीकरण कराना चाहिए।

कोई भी सहयोगी जिसका सामना किसी सवाल से हो, जो कोई ऐसी परिस्थिति देखे या ऐसा व्यवहार देखे जो उसे ग्रूप में मौजूद संहिताओं और AKWEL के सिद्धांतों के उल्लंघन में लगे, वह इन व्यक्तियों को सूचित कर सकता है :

- उनका प्रत्यक्ष या परोक्ष मैनेजर (प्राथमिक संपर्क),
- विषय के आधार पर विभिन्न स्थानीय संपर्क (मानव संसाधन प्रबंधक, QSE प्रबंधक[2], प्रबंधन नियंत्रक, आईटी अधिकारी),
- जब ऐसी परिस्थिति ध्यान में आए तो साइट के विधि प्रतिनिधि,
- और, अंतिम उपाय के रूप में अनुपालन अधिकारी को (ethics@akwel-automotive.com).

**आंतरकि स्रोत:**
AKWEL की रपिोर्ट प्रणाली और संबंधति फॉर्म

# 2. कार्यस्थल पर नीति संबंधी नियम

**हमारी टीमों में व्याप्त संतुलन और विविधता AKWEL ग्रूप के लिए असली संपत्ति है।**

हम वैश्विक मानव अधिकार घोषणा में वर्णन किये अनुसार “मूलभूत मानव अधिकारों, मानव के सम्मान और महत्व, और पुरुषों और महिलाओं के समान अधिकारों” का समर्थन करते हैं और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं।



# महिलाओं और पुरुषों में समानता

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान (ILO) के अनुबंध और वैश्विक समझौते द्वारा व्यक्त सिद्धांतों के अनुसार, AKWEL ग्रूप ने वेतन, प्रशिक्षण, पेशेवर विकास और कार्य स्थितियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता संबंधित ठोस कार्रवाइयों को परिभाषित किया है। रोज़ाना, यह हमारी अविभिन्न साइटों पर समान भरती, अप्रैज़ल साक्षात्कार, प्रशिक्षण को पहुँच और वेतन निर्धारण प्रक्रियाओं से प्रतिबिंबित होता है। यह सभी अभिगम पूर्णतः हमारे कर्मचारियों और उम्मीदवारों के कौशलों पर आधारित होते हैं।

कैरियर की प्रगति के मामले में, ग्रूप का सिद्धांत है, पेशेवर प्रगति को प्रोत्साहन देना। इस उद्देश्य से, हमारे रोज़गार के लिए सभी विज्ञापन विश्वभर के हमारे सभी कर्मचारियों के लिए, आंतिरक रूप से हमारे सहयोगी पोर्टल पर, और बाह्य रूप से ग्रूप की वेबसाइट और रोज़गार को समर्पित वेबसाइटों पर उपलब्ध होते हैं।

**आंतरिक स्रोत:**
मानव संसाधन प्रशासनिक प्रबंधन प्रक्रिया, मानव संसाधन प्रबंधन एवं कर्मचारी संघटन (SUP04)

**बाहरी स्रोत:**
विश्व श्रम संस्थान का मूलभूत निर्देश नं100
संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते का सिद्धांत नं°6

# भेदभाव

AKWEL ग्रूप आंतर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान के निर्देशों के अनुसार और अपनी प्रत्येक साइट के आंतरिक विनियमों के अनुसार सभी प्रकार के भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

इसलिए, "किसी भी व्यक्ति को उसके मूल, लिंग, लैंगिक विन्यास, यौन विन्यास, आयु, वैवाहिक स्थिति या सगर्भावस्था, जेनेटिक विशेषताओं, किसी समूह में सदस्यता होना या न होना, किसी मूल वंश, देश या जाती का होना या होने की संभावना होना, उसकी राजनैतिक राय, यूनियन या पारस्पारिक गतिविधियों, धार्मिक मान्यताओं, दिखावट, कुल नाम या स्वास्थ्य या अक्षमता के कारण भरती प्रक्रिया से या इन्टर्नशिप तक पहुँच से या कंपनी में प्रशिक्षण की अवधि से बाहर नहीं रखा जा सकता, या उसके खिलाफ प्रतिबंध या उसे नौकरी से निकाले जाना या भेदभाव करने वाले व्यवहार, जिसमें विशेष रूप से वेतन, प्रशिक्षण, पुनर्वर्गीकरण, निर्देशन, अर्हता प्राप्ति, वर्गीकरण, पेशेवर पदोन्नति, स्थानांतरण या अनुबंध के पुनर्नवीकरण से वंचित रखना, नहीं किया जा सकता है। ".

**आंतरिक स्रोत:**
प्रत्येक साइट के आंतरिक विनियम

**बाहरी स्रोत:**
विश्व श्रम संस्थान का मूलभूत निर्देश नं 111
संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते का सिद्धांत नं°6

# बंधुआ मज़दूरी और बाल मज़दूरी

AKWEL ग्रुप बंधुआ मज़दूरी या ज़बरन मज़दूरी को हर रूप में प्रतिबंधित करता है।

कार्य संबंध के दौरान, ग्रूप यह सुनिश्चित करने का वचन देता है कि उसके कर्मचारी कोई कार्य या ग्रूप के भीतर की किसी उन्नति को स्वीकार या अस्वीकार करने, अपनी भावनाओं को व्यक्त करने, यूनियन सदस्य होने और वह जिस देश में नियुक्त हैं उसके कानूनों और रीतियों के अनुसार अपने रोज़गार अनुबंध को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र हैं।

न्यूनतम वेतन के बारे में विश्व श्रम संस्थान के निर्देशों और राष्ट्रीय कानून के अनुसार, AKWEL ग्रूप न्यूनतम आवश्यक आयु से कम उम्र के आवेदनकर्ताओं और /या उन आवेदनकर्ताओं, जो जहाँ पर वह कार्यरत है उस देश की कानूनी आवश्यकताओं को पूरा न करते हों, नियुक्त न कर के प्रभावी बाल मज़दूरी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**आंतरिक स्रोत:**
मानव संसाधन प्रशासनिक प्रबंधन प्रक्रिया, मानव संसाधन प्रबंधन एवं कर्मचारी संघटन (SUP04)

**बाहरी स्रोत:**
विश्व श्रम संस्थान का मूलभूत निर्देश नं 29, 105,138 और 182
संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते का सिद्धांत नं°4

# कार्य स्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा

ग्रूप के सभी सहयोगियों को स्वास्थ्यप्रद और सुरक्षित कार्य परिवेश का अधिकार है।

सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यह हर दिन, हर कार्य में, हमारी हर साइट पर हमारी सभी प्रक्रियाओं में केन्द्र स्थान पर है। AKWEL में काम करने वाले हर व्यक्ति, चाहे वह सहयोगी हो, सेवा प्रदाता या आपूर्तिकर्ता, उन्हें एक स्वास्थ्यप्रद और सुरक्षित कार्य परिवेश में आगे बढ़ पाने का विश्वास होना चाहिए।

यह सुनिश्चित करने के लिए AKWEL ग्रूप ने अपने सहयोगियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को अपनी QSE[2] (गुणवत्ता सुरक्षा परिवेश ऊर्जा) का हिस्सा बना लिया है। उसकी कार्यस्थल सुरक्षा नीति और उससे संबंधित उद्देश्य स्थानीय रूप से अनुकूलित और परिभाषित किए जाते हैं, और यह प्रत्येक संस्थान की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

लगातार अद्यतित की जाने वाली यह प्रक्रिया राष्ट्रीय कानूनों और विनियमों के उपरांत सभी सहयोगियों के लिए उपलब्ध है।

उपरांत, ग्रूप उत्पीड़न संबंधी विनियम लागू करता है और उनका सम्मान करता है। इसलिए, AKWEL ऐसे किसी भी कार्य पर प्रतिबंध लगाता है जिससे नैतिक या यौन उत्पीड़न हो सके।

कोई भी कर्मचारी जिसके ध्यान में स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति को होने वाला जोखिम आए, उसे तुरंत अपने प्रबंधक अथवा अपने मानव संसाधन अधिकारी को सूचित करना चाहिए। सभी अनुरोधों को कंपनी में मौजूद रिपोर्ट करने के अधिकार के अनुसार पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

**आंतरिक स्रोत:**
रिपोर्टिंग प्रक्रिया
ग्रूप और उसके निकायों की QSE[2] नीति

**बाहरी स्रोत:**
मूलभूत निर्देश नं° 155
विश्व श्रम संस्थान का
नियम IATF 16949, ISO 45 001 या OHSAS 18 001

# संगठन बनाने और सामुहिक सौदेबाज़ी का अधिकार

राष्ट्रीय कानूनों के दायरे में रहकर संगठन बनानने और सामुहिक सौदेबाज़ी करने संबंधी राष्ट्रीय श्रम संस्थान के अनुबंध के अनुसार AKWEL ग्रूप कर्मचारी प्रतिनिधियों और प्रबंधन के बीच सामाजिक संवाद का समर्थन करता है ताकि रचनात्मक तरीके से विशेषतः उनके संबंधों और कार्य स्थिति और नियुक्ति के बारे में बातचीत की जा सके।

संगठन बनाने की स्वतंत्रता के प्रावधानों और संगठन के अधिकार की सुरक्षा के लिए AKWEL ग्रूप कर्मचारियों के संगठित होने, यूनियन में शामिल होने, प्रतिनिधि नियुक्त करना और प्रत्येक देश के नियम विशेष के अनुसार चुना जाने के अधिकार का सम्मान करता है।

**बाहरी स्रोत:**
विश्व श्रम संस्थान का मूलभूत निर्देश नं 87 और 98 संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते का सिद्धांत नं°3

# प्रशिक्षण और कौशल विकास

सहयोगी अपने कौशल के क्षेत्र से संरेखित एक समेकन कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। प्रबंधकों एवं/अथवा ट्यूटरों द्वारा किए जाने वाले इस समेकन के साथ-साथ ग्रूप के साधनों और प्रक्रियाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि कार्य परिवेश में सरलता से समेकन हो।


प्रत्येक साइट को, हालाँकि कर्मचारी प्रशिक्षण में वह स्वायत्त है, ग्रूप के निर्देशों का पालन करते हुए कर्मचारियों के कौशलों का रखरखाव और विकास करना होगा, ताकि तकनीकी विकास से अनुकूलन साधा जा सके और साथ ही बाज़ार और व्यापार से भी, जिससे कि हम अपने ग्राहकों की माँगों को प्रतिभाव दे सकें।

यह बिंदु गुणवत्ता, सुरक्षा, पर्यावरण और ऊर्जा क्षेत्र में एक समर्पित प्रक्रिया का विषय है।

**आंतरिक स्रोत:**
SUP 04 मानव संसाधन प्रशासनिक प्रबंधन प्रक्रिया, मानव संसाधन प्रबंधन एवं कर्मचारी संघटन

**बाहरी स्रोत:**
ISO 9001 और IATF 16949 मानक

# 3. गोपनीयता संबंधी नियम



# हमारे संचार में प्रामाणिकता

AKWEL ग्रूप अपने हितधारकों से विश्वास के एक संबंध को पूरी तरह से समर्पित है, जो कि उसके मूल्यों के साथ सुसंगत है।

इस तात्पर्य से, हम अपने विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद के लिए अनुकूलित संचार के तरीके स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं:

- विस्तृत कर्मचारी जानकारी और यथासंभव पारदर्शिता के लिए एक सहयोगी पोर्टल और हमारी साइटों पर डिस्प्ले,
- हमारे सभी बाहरी श्रोताओं (क्लायंट, शेयरधारक, आपूर्तिकर्ता, उम्मीदवार, आदि) की जानकारी के लिए एक वेबसाइट।

# गोपनीय डेटा की परिभाषा

कुछ जानकारी गोपनीय मानी जाती है, चाहे यह निजी डेटा की सुरक्षा के लिए हो, आर्थिक डेटा और शेयर बाज़ार से संचार के तरीकों की या फिर औद्योगिक या बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए।

उदाहरण के लिए, और बिना इन तक सीमित हुए:

- कंपनी की अप्रकाशित आर्थिक जानकारी
- कंपनी के ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ लेनदेन, विलयन और अधिग्रहण और घोषणाओं संबंधी अप्रकाशित जानकारी,
- हमारे उत्पादों के बाज़ार संबंधी जानकारी, हमारे ग्राहकों संबंधी जानकारी, हमारी कीमतों संबंधी जानकारी, अनुबंध की शर्तों संबंधी जानकारी, हमारी मार्केटिंग या सेल्स कार्यनीतियाँ, और हमारे आपूर्तिकर्ताओं और हमारी प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों संबंधी जानकारी,
- हमारे सहयोगियों संबंधी निजी जानकारी जिसमें वेतन या बोनस संबंधी जानकारी एवं उनके रिकॉर्ड,
- कंपनी की नीतियाँ, प्रक्रियाएं और कार्य संबंधी निर्देश,
- आविष्कार संबंधी सभी जानकारी, पेटेन्ट के लिए आवेदन, किसी उत्पाद का डिज़ाइन या निर्माण जिसमें रेखाचित्र, निष्पादन संबंधी आँकड़े, निर्माण प्रक्रियाएं और डेटा, परीक्षण संबंधी डेटा और विन्यास शामिल हैं।

यह नियम लागू विनियमों के अनुसार बनाए जाते हैं।

# आर्थिक संचार और शेयरबाज़ार क्वोटेशन की गोपनीयता

आर्थिक संचार के मामले में, हमें हम जो जानकारी प्रकट करते हैं उसमें समानता, सुसंगतता, सटीकता और यथार्थता सुनिश्चित करनी चाहिए, और साथ ही हमारी आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं और स्वीकृत सार्वजनिक निकायों द्वारा स्थापित मानकों के आधार पर , विशेष रूप से AMF के निर्देशों और IFRS के अंतर्राष्ट्रीय लेखा संबंधी नियमों का पालन करते हुए यह जानकारी प्रकट करनी चाहिए।

AKWEL ग्रूप के शेयर लिस्ट किए हुए होने के कारण बाज़ार के दुरुपयोग और भेदिया व्यापार संबंधी विनियमों का अनुपालन अनिवार्य है। हमारी नीति संहिता प्रत्येक भेदिया (कॉर्पोरेट अधिकारी, कर्मचारी या बाहरी सेवा प्रदाता) को आंतरिक जानकारी के स्वामित्व, संचार औ रउपयोग संबंधी लागू विनियम याद दिलाती है*ष

**आंतरिक स्रोत:**
स्टॉक मार्केट नीति संहिता

**बाहरी स्रोत:**
यूरोपीय शेयर और बाज़ार प्राधिकरण (ESMA)
पुस्तिका II - आर्थिक बाज़ार प्राधिकरण (AMF) के सामान्य विनियम
यूरोपीय संसद का विनियम (EU) N° 596/2014 और बाज़ार के दुरुपयोग संबंधी परामर्श

* चौकोर को देखें।

**शब्दावली - भेदिया जानकारी कही जाने वाली जानकारी**
**-**

किसी जानकारी को "भेदिया" कहा जाता है जब यह सार्वजनिक रूप से ज्ञात न हो और यह इतनी महत्वपूर्ण हो कि इसके प्रकटन या उपयोग से AKWEL के शेयरों की कीमत या अन्य सूचीबद्ध मूल्य प्रभावित हो सकते हैं. यह भेदिया जानकारी अब तक प्रकाशित न हों ऐसे आर्थिक परिणाम, ग्रूप द्वारा अधिग्रहण या विक्रय संबंधी योजना, किसी बड़े अनुबंध की समाप्ति या उसे समाप्त किया जाना या फिर ग्रूप द्वारा किए गए अध्ययन, खोज और विकास संबंधी जानकारी हो सकती है।

हम स्पष्ट रूप से AKWEL ग्रूप या इस जानकारी से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित हो सकें ऐसी अन्य कंपनियों के शेयर हमारी या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से खरीदने या बेचने के लिए इस भेदिया जानकारी के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं।

हमें भेदिया जानकारी की गोपनीयता की गारंटी देनी होगी और इसकी पहुँच ग्रूप के भीतर सीमित लोगों तक रखनी होगी। यदि हमें ऐसी जानकारी तक पहुँच प्राप्त हो, तो हम इसे अपने रिश्तेदारों को संचारित नहीं कर सकते या निजी उद्देश्यों से इसका उपयोग नहीं कर सकते हैं।

यदि कोई शंका हो, तो AKWEL के शेयरों पर कोई भी प्रक्रिया करने से पहले हमें ग्रूप के अनुपालन अधिकारी से इस पते पर संपर्क करना होगा: ethics@akwel-automotive.com

# निजी डेटा की सुरक्षा

AKWEL ग्रुप निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह कर्मचारियों से संबंधित हो, शेयरधारकों से, आपूर्तिकर्ताओं से, ग्राहकों से या फिर किसी अन्य हितधारक से।

यह करने के हिए, हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के कठोर ढाँचे में काम करते हैं, जो निजी डेटा के एकत्रीकरण, संसाधन और उस तक पहुँच को विनियमित करते हैं, ताकि गोपनीयता को बनाए रखा जा सके।

यह अभिगम हमारी कार्य रीतिओं, अनुबंधों और प्रक्रियाओं में, और साथ ही सभी AKWEL सहयोगियों को वितरित और ज्ञात दस्तावेज़ों में समेकित है।

# बौद्धिक संपदा और औद्योगिक डेटा की सुरक्षा

बौद्धिक संपदा (पेटेन्ट, मॉडल, ब्रांड) अधिकार और उनकी गोपनीयता की रक्षा ग्रूप की टेक्नोलॉजी के स्तर पर प्रगति को बनाए रखने में अतिमहत्वपूर्ण है।

बौद्धिक संपदा औद्योगिक संपदा अधिकार के स्वामियों की भी रक्षा करता है (विशेषतः ट्रेडमार्क और पेटेन्ट सहित, लेकिन इन तक सीमित नहीं)।

बौद्धिक संपदा अधिकार के उल्लंघन में किसी संरक्षित कार्य, ब्रांड या पेटेन्ट का अनधिकृत प्रकटन, वितरण या प्रस्तुति, और संरक्षित बौद्धिक संपदा की अनधिकृत प्रतियों का निर्माण और वितरण शामिल हैं, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है।

AKWEL ग्रूप में, नवोत्पाद विभाग नवोत्पादों की सुरक्षा के लिए पेटेन्ट फाइल करते समय प्रत्येक देश के विशेष कानूनों का पालन करके करता है।

### कंपनी की परिसंपत्तियों का उपयोग

-

"भौतिक संपत्ति" का अर्थ है वह सभी कार्य संबंधी साधन जो AKWEL ग्रूप अपने सहयोगियों को उपलब्ध कराता है (उत्पादन उपकरण, आईटी, दस्तावेज़, विभिन्न इंस्टॉलेशन)।

व्यवहार्य रूप से, इन पेशेवर मूलभूत व्यवस्थाओं और सामग्री का निजी उद्देश्यों के लिए उपयोग वांछनीय नहीं है। तथापि, जब तक वह किसी भी तरह से पेशेवर गतिविधि में बाधारूप न हो, कंपनी की छवि को हानि न पहुँचाए या उसकी सुरक्षा को प्रभावित न करे तब तक वाजिब उपयोग अनुमत होता है।

AKWEL ग्रूप की "अप्रत्यक्ष संपत्ति" के संदर्भ में, पेशेवर परिपेक्ष्य में प्राप्त और संसाधित सभी जानकारी पूरी तरह से गोपनीय है और इसके लिए गोपनीयता संबंधी नियमों का पालन किया जाना चाहिए, जो कि हमारे सभी कर्मचारियों पर लागू होते हैं।


# 4. उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता

**AKWEL ग्राहक सुरक्षा गुणवत्ता और निष्पादन पर केन्द्रित है।** इसलिए, उनके विश्वसा को बनाए रखने के लिए, हम अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखने और डिज़ाइन से लेकर डिलीवरी तक उनमें निरंतर सुधार करने के लिए हर संभव प्रयार करते हैं।

इस तरह, हम जहाँ भी प्रचालन करते हैं उस स्थान पर हम जो उत्पाद बनाते हैं उससे संबंधित जो भी मानक और विनियम हों उनका हम पालन करते हैं।
डिज़ाइन से लेकर डिलीवरी तक, अपनी खुद की फैक्ट्रियों में और हमारे आपूर्तिकर्ताओं की फैक्ट्रियों में, हम अपने उत्पादों के निर्माण चक्र के प्रत्येक चरण पर हमारे गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने के लिए नियंत्रण और सूचक स्थापित करते हैं।

विश्वभर में हमारी सभी साइटों पर अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता और उनकी उत्पादन प्रक्रिया में निरंतर सुधार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसमें तकनीक के प्रति सजग रहना, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता संबंधी मानकों का अनुपालन करना और हमारे ग्राहकों और हमारे साझीदारों से प्रतिभाव प्राप्त करना, सभी कुछ शामिल है।

बाहरी स्रोत:
IATF 16949
क्लायंट के मानक



# 5. सामाजिक दायित्व

**एक विश्वस्तरीय उपकरण आपूर्तिकर्ता के रूप में AKWEL ग्रूप का आर्थिक और सामाजिक दायित्व है** उन सभी क्षेत्रों में जिसमें वह प्रचालन करता है: स्थानीय नौकरियों का निर्माता होते हुए, यह स्थानीय कानूनों और रीतियों के अनुसार इन्हें बनाए रखने और विकसित करने का दायित्व स्वीकार करता है। इस संदर्भ में, हम अपने उत्पादों को अपने निर्माता क्लायंट्स से यथासंभव नज़दीक में बनाना पसंद करते हैं।
अपनी गतिविधि के विकास की स्थिति को सुनिश्चित कर के, हम नौकरियों की वहनीयता सुनिश्चित करने और अपने स्थानों के आसपास मूल्य निर्माण करने का कार्य करते हैं।



# पर्यावरण का सम्मान

अपने सभी प्रचालनों में, AKWEL ग्रूप पर्यावरण के प्रति सम्मान पूर्वक कार्य करते हुए अपने प्रचालनों के ऊर्जा संबंधी प्रभाव को सीमित रखता है, और यह करने के लिए यह जोखिमकारी सामग्रियों को नष्ट करने और कर्मचारियों या तृतीय पक्षों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को नुकसान पहुँचा सकने वाली स्थितियों को टालने का कार्य करता है। यह अभिगम पूरे ग्रूप की रोज़मर्रा की गतिविधियों में समेकित है और इसके लिए प्रत्येक साइट पर एक गुणवत्ता, पर्यावरण, ऊर्जा और गुणवत्ता प्रणाली कार्यान्वित है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए, जैव-विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा करने के लिए पर्यावरण पर हमारे प्रभाव को कम करना और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करना हमारी गतिविधियों का समेकित हिस्सा है। हम अपने क्लायंट्स को नये, अनोखे समाधान या संकल्पनाएं प्रदान करते हैं जिनका लक्ष्य है पर्यावरण संबंधी ( पर्यावरणीय प्रभाव कम करना, प्रदूषण को दूर करना) और ऊर्जा संबंधी (स्थानीय उत्पादन, रिसाइक्लिंग) चुनौतियों का समाधान करना।

. हम अपनी स्थानीयीकृत उत्पादन कार्यनीति के माध्यम से उत्पादों की समग्र पर्यावरण और ऊर्जा संबंधी रेटिंग कम करने में सहायता कर रहे हैं, जो कि जलवायु परिवर्तन को प्रभावित करने वाले परिवहन और प्रदूषणकारी लॉजिस्टिक्स प्रचालनों को सीमित करती है।

. हम अपनी प्रत्येक साइट पर एक ज़िम्मेदार उद्योग के रूप में काम करने को प्रतिबद्ध हैं (ऊर्जा की खपत, अपशिष्ट और अस्वीकार को कम करना)। संबंधित पर्यावरण और ऊर्जा संबंधी नीति और लक्ष्य प्रत्येक साइट की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर अनुकूलित और परिभाषित किए जाते हैं।

. AKWEL टीमों के नेतृत्व में सभी साझीदार (आपूर्तिकर्ता, उपठेकेदार, हितधारक) पर्यावरण की सुरक्षा और ऊर्जा की खपत के नियंत्रण के इस कार्य का हिस्सा होने चाहिए।

### नवोत्पाद और इको-डिज़ाइन

-

. भविष्य के आविष्कारों में, डिज़ाइन चरण से ले कर उत्पाद के जीवनचक्र के दौरान तक विभिन्न संभवित समाधान और सामग्रियों की पहचान की जाती है (वहनीय संसाधनों का उपयोग, उत्पादों की रिसाइकलिंग).

. AKWEL ग्रूप की उत्पाद में नवीनचा का कार्य वाहनों के भार को कम करने पर केन्द्रित है ताकि ईंधन का उपभोग, प्रदूषणकारी निस्सारण कम किए जा सकें और सरल और प्रतिस्पर्धात्मक समाधानों को चुनकर सुरक्षितता को बढ़ावा दिया जा सके।

. परामर्श और नवोत्पाद की खोज की उसकी प्रक्रिया के दौरान, AKWEL ग्रूप और उसका अधिप्राप्ति विभाग अपने मौजूदा और संभावित आपूर्तिकर्ताओं को ऑटोमोटिव क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले वहनीय तकनीकी और औद्योगिक समाधान खोजने को प्रेरित करते हैं।

**आंतरिक स्रोत:**
ग्रूप और स्थानीय QSE² नीतियाँ

**बाहरी स्रोत:**
संयुक्त संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते के सिद्धांत 7, 8 और 9
मानदंड : ISO 14 001 और ISO 50 001

# 6. व्यापार मेंअखंडता



# हितों का टकराव

हितों का टकराव तब होता है, जब किसी सहयोगी के निजी हित का कंपनी के हितों से टकराव हो। परिणाम स्वरूप, प्रत्येक AKWEL सहयोगी निरंतर यह सुनिश्चित करने का वचन देता है कि उनकी निजी गतिविधियाँ और हित किसी भी तरह से ग्रूप के हितों में अवरोधरूप नहीं हैं।

हमारे सभी चयन, लेन-देन और परिचालन निष्पक्षता, तटस्थता और कर्तव्यनिष्ठा से चालित होने चाहिए।

कोई भी परिस्थिति, जिससे संभावित रूप से हितों का टकराव हो सकता है, उसकी रिपोर्ट की जानी चाहिए ताकि जोखिमों से बचा जा सके और विश्वास का कार्य परिवेश बनाए रखा जा सके। अगर कोई भी संदेह हो, तो प्रत्येक सहयोगी को खुद की और कंपनी की सुरक्षा के लिए उस जोखिमकारी परिस्थिति की अपने पर्यवेक्षक. मानव संसाधन प्रबंधक और / या समूह के नैतिकता अनुपालन अधिकारी को जानकारी देनी चाहिए। वह जोखिम का आकलन करेंगे और यह निर्धारित करेंगे कि कौन सा अभिगम अपनाया जाए।

तथापि, हितों के टकराव को प्रस्तुत करने वाली परिस्थितियों की हमेशा पहचान नहीं की जा सकती और उसे सभी व्यक्ति एक समान तरीके से नहीं समझते हैं। यह संभावित रूप से हितों के टकराव की कुछ परिस्थितियाँ हैं:

- किसी कंपनी में अनेक पदों या बाहरी गतिविधियों का संयोजन, जिनमें से कुछ हमारे पेशेवर रुख को प्रभावित कर सकती हैं।
- निजी संबंधों का पेशेवर प्रबंधन (आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, प्रतिस्पर्धी, साझीदार), जहाँ पर वह दोस्त या रिश्तेदार हों।

**आंतरिक स्रोत:**
AKWEL की नीति संहिता
AKWEL की ग्राहक विशेष संबंधी आवश्यकताएं

**बाहरी स्रोत:**
आर्थिक बाज़ार प्राधिकरण (AMF)

# भ्रष्टाचार का अस्वीकार

AKWEL ग्रूप भ्रष्टाचार के सभी रूपों की निंदा करता है। हम जहाँ पर भी प्रचालन करते हैं ऐसे प्रत्येक देश में कठोरता पूर्वक हमारे पेशेवर संबंधों और लेनदेनों से संबंधित किसी भी कार्य रीति में उसका विरोध करते हैं, चाहे यह हमारे व्यवसायिक साझीदारों से हमारे संबंध में हो, संगठनों से, या फिर प्रशासन से।

वस्तुतः इसका अर्थ है कि हम किसी भी व्यक्ति या व्यापार को प्रस्ताव किये गए आर्थिक या वस्तुनिष्ठ लाभ को स्वीकार नहीं करते हैं। उसी तरह से हम कोई अनुबंध पाने या बनाए रखने के लिए किसी क्लायंट को कोई लाभ प्रदान करने या उपहार देने को भी प्रतिबंधित करते हैं। हमारा व्यापार हमेशा पूर्ण निष्पक्षता से किया जाना चाहिए।

तथापि, कभी-कभार कोई उपहार लिया या दिया जा सकता है, बशर्ते कि यह नगण्य मूल्य का हो, उपयुक्त हो (उदाहरण के लिए विज्ञापन करने वाली वस्तु), स्थानीय विनियमों और व्यवसायिक रीतियों के अनुसार हो , और यह व्यवसायिक लेनदेनों के परिणाम को प्रभावित करने वाला न हो, या ऐसा आभास न कराए कि वह उस परिणाम को प्रभावित कर सकता है। अन्य सभी उपहार अस्वीकार किए जाने चाहिए। और सभी मामलों में, सरकारी अधिकारियों को दिए गए उपहारों पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए।.

उसी विषय पर आगे, कभी-कभार मेहमाननवाजी की या ली जा सकती है, बशर्ते कि यह वैध पेशेवर कारणों से प्रेरित हो और यह कि वह वाजिब और यथोचित रहे।

पूर्ण पारदर्शिता क पक्ष में हम अपने सभी संचार नेटवर्कों पर हमारे भ्रष्टाचार रोधी नियम उपलब्ध कराते हैं, ताकि ना केवल प्रत्येक सहयोगी, बल्कि हमारे ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, प्रदाता और अन्य साझीदार भी इन से अवगत रहे।

**आंतरिक स्रोत:**
स्टॉक मार्केट नीति संहिता
AKWEL की ग्राहक विशेष संबंधी आवश्यकताएं
भ्रष्टाचार रोधी और प्रभाव रोधी संहिता

बाहरी स्रोत:
यूरोपीय शेयर और बाज़ार प्राधिकरण (ESMA)
आर्थिक बाज़ार प्राधिकरण (AMF)
संयुक्त संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक समझौते का सिद्धांत 10

# धोखाधड़ी और हवाला

AKWEL ग्रूप का पूर्ण प्रचालन प्रामाणिकता और अखंडता के आधार पर होता है। हम किसी भी धोखेभरी गतिविधि को अस्वीकार करते हैं और उसे प्रतिबंधित करते हैं। हमारे लेखा और कर संबंधी घोषणाएं और समर्थक दस्तावेज़ निष्ठापूर्वक सटीक और विस्तृत होने चाहिए। हम उन सभी देशों में हमारे सभी कर चुकाते हैं जिनमें हम प्रचालन करते हैं।

हम ऐसे किसी भी प्रचालन को अस्वीकार करते हैं जिस पर हवाला सक्षम होने का शक हो - विशेष रूप से नकद लेन-देन - अगर इन्हें टालना असंभव हो, और बशर्ते कि यह वैध हों - इन्हें एक निर्धारित सीमा तक का ही होना चाहिए और इन्हें किसी अधिकृत साइट प्रबंधक द्वारा अधिकृत किया गया होना चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह विस्तृत जानकी पाने योग्य हों (पंजीकरण, दस्तावेज़ीकरण)।

इसलिए हमें हररोज़, हमारी प्रत्येक साइट की प्रत्येक लेखा प्रविष्टि और प्राधिकरणों को भेजी जाने वाली कर संबंधी घोषणा की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी चाहिए।

**आंतरिक स्रोत:**
AKWEL के लेखा सिद्धांत और पद्धति हस्तपुस्तिका

**बाहरी स्रोत:**
यूरोपीय शेयर और बाज़ार प्राधिकरण (ESMA)

# प्रतिस्पर्धा का सम्मान

प्रतिस्पर्धा के अधिकार का सम्मान करने से एक गतिशील आर्थिक परिवेश उत्पन्न होता है, जो कि पहले उपभोक्ताओं के हित में होता है और फिर व्यवसायों के। AKWEL ग्रूप लगातार वह जिन अनेक देशों में प्रचालन करता है उनके एकाधिक नियमों और कानूनों के अनुसार कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध हैं, जो बाज़ार के खिलाड़ियों की स्वात्तता को विनियमित करते हैं।

दुनिया के अधिकतर प्रदेशों में, स्पर्धारोधी कानून के उल्लंघन के दंड के रूप में भारी जुर्माने, हरजाना चुकाना, संबंधित अनुबंधों का रद्दीकरण और कंपनी की समग्र प्रतिष्ठा को क्षति प्राप्त होते हैं। उपरांत, कई मामलों में, कानून संबंधित कर्मचारी के लिए भी आपराधिक दंड का प्रावधान करता है।

हम हमेशा मुक्त और न्यायपूर्ण प्रतिस्पर्धा की संरचना के भीतर रहें यह सुनिश्चित करने के लिए:

- AKWEL कार्यनीत्यात्मक या गोपनीय जानकारी के किसी भी आदान-प्रदान को प्रतिबंधित करता है। हम किसी भी तरह से अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ विक्रय की कीमतें निर्धारित नहीं करते, कोई बाज़ार साझा नहीं करते और कोई प्रतिस्पर्धा रोधी बहिष्कार नहीं करते हैं।
- AKWEL कभी भी किसी प्रभावी स्थिति या एकाधिकार का उपयोग न करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रूप इस बात के लिए भी प्रतिबद्ध है कि वह बिना मान्य तरीकों (नवोत्पाद, खास और बेहतर विशेषज्ञता या स्थानीयकरण) का उपयोग किए कभी भी ऐसी किसी स्थिति में नहीं पहुँचेंगे।

**बाहरी स्रोत:**
यूरोपीय शेयर और बाज़ार प्राधिकरण (ESMA)
आर्थिक बाज़ार प्राधिकरण (AMF)

# 7. आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व

**AKWEL ग्रूप की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति का अर्थ है कि उसे वह जिन स्थानों पर प्रचालन करता है उन स्थानों पर अधिप्राप्ति के संबंध में उस स्थान विशेष के कानूनों का अनुपालन करना होगा।** अधिप्राप्ति संबंधी दस्तावेज़ हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

Groupe यह आवश्यक बनाता है कि आपूर्तिकर्ता नीति संहिता और अन्य सहायक दस्तावेज़ों में वर्णित प्रतिबद्धताओं का अनुपालन करे और जब उनका चयन किया जाए, तो आपूर्तिकर्ता उनसे परिचित हों। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को यह भी याद दिलाते हैं, कि उन्हें मानव अधिकारों की वैश्विक घोषणा, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान के मूलभूत करार और स्थानीय कानूनों का भी अनुपालन करना होगा।

हम उन से विशेषतः कार्य स्थल पर सुरक्षा का आग्रह करते हैं, बाल मज़दूरी को प्रतिबंधित करते हैं, बंधुआ मज़दूरी को प्रतिबंधित करते हैं, और गैर-भेदभाव और पर्यावरण के प्रति निष्ठा का आग्रह करते हैं।



# आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन

अधिप्राप्ति विभाग प्रतिबद्धताओं, संबंधित देश या यूरोपीय संघ में लागू कानूनों और विनियमों और अधिक सामान्य रूप से उनके उत्पादों का उपयोग करने वाले या मार्केटिंग या सेल्स का उपयोग करने वाले सभी देशों में आपूर्तिकर्ता के अनुपालन का व्यवस्थित आकलन करने का प्रयास करता है।

उपरांत, AKWEL सुनिश्चित करता है कि उसके आपूर्तिकर्ता एक पर्यावरण और सुरक्षा प्रबंधन नीति, को प्रतिबद्ध हों और विशेषतः उन्होंने ISO 14001 और/या OHSAS 18001 प्रमाणन प्राप्त किया हो।

**आंतरिक स्रोत:**
AKWEL की ग्राहक विशेष संबंधी आवश्यकताएं
अधिप्राप्ति की सामान्य शर्तें
अधिप्राप्ति की मानक शर्तें, AKWEL नॉर्थ अमेरिका

**बाहरी स्रोत:**
ISO 9001 - IATF 16949 - ISO 14001

# उपयोगी संपर्क

**कोई शंका है? इस संहिता को पढ़ने के बाद कोई प्रश्न है?**

बेझिझक संपर्क करें:

- पहले, अपने प्रबंधक से
- दूसरे, अपने मानव संसाधन अधिकारी से
- और अंतिम उपाय के रूप में, ग्रूप के नैतिकता अनुपालन अधिकारी से:
  ethics@akwel-automotive.com

**AKWEL SIÈGE SOCIAL**
975, route des Burgondes
01410 Champfromier
France

टेलीफोन: +33 (0)4 50 56 98 98
फैक्स: +33 (0)4 50 56 95 45

akwel-automotive.com

AKWEL
EFFICIENT AUTOMOTIVE SOLUTIONS